आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

<u>मुख्य न्यायाधीश</u>

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज मंडी में अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारशिला रखी। इस परिसर के निर्माण पर एक सौ 52 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी और इसमें न्यायाधीशों के साथ–साथ वकीलों और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस न्यायिक परिसर में आम लोगों को भी एक ही छत के नीचे अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
बाद में विधिक साक्षरता शिविर में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग उम्मीद के साथ अस्पताल जाते हैं और जो भूमिका अस्पतालों की है उसी सेवा भाव के साथ न्यायिक व्यवस्था को भी काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक न्याय और अपने अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

<u>अग्निहोत्री</u>

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सिरमौर ज़िले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में आज करीब साढ़े सात करोड़ रुपये की योजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि सिरमौर ज़िले में जलापूर्ति से जुड़ी करोड़ों रुपये की योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी इस दौरान मौजूद रहे।

<u>जयराम ठाकुर</u>

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर चिंता जताई है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को लेकर राज्य सरकार के सामने जो स्थिति है उससे निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारें में अभी तक भी स्पष्ट नहीं किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट पेश होने से पहले ही वित्त सचिव की ओर से सर्वदलीय बैठक में दी गई प्रस्तुति के बाद सवाल उठना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक संकट से बाहर निकलने का कोई स्पष्ट विज़न भी पेश नहीं कर पाई है।

<u>भाजपा</u>

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। पार्टी उपाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण से बाहर है। नशाखोरी की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार नशे के खिलाफ केवल बयानबाजी कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदतर होते जा रहे हैं। भाजपा ने सरकार को तुरंत प्रभावी कदम उठाकर कानून व्यवस्था मजबूत करने की सलाह दी है।

<u>टीबी मुक्त भारत</u>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सांसदों और दिल्ली पुलिस अधिकारियों के बीच आज दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। सांसदों की टीम की कप्तानी सांसद अनुराग ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र

मोदी का संकल्प है और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए देशभर में निरंतर कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

<u>मौसम</u>
प्रदेश में मौसम ने करवट ली है और दोपहर बाद कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व हल्की वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर हिमपात का भी समाचार है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी शिमला में भी ओलावृष्टि के साथ जोरदार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि और वर्षा की संभावना जताई है।

<u>पुल</u>
पर्यटन नगरी मनाली में कन्याल मार्ग पर रांगड़ी में मोटर योग्य पुल का विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने आज भूमि पूजन किया। इस पुल के निर्माण पर करीब 6 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। विधायक ने कहा कि ये पुल न केवल स्थानीय लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा देगा बल्कि आने वाले समय में क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार में खुशहाली के द्वार भी खोलेगा।